STD-IV
व्याकरण
Ch-8 सर्वनाम

Q & A

Date - 09.11.21 (Tuesday)

1- (क) सर्वनाम किसे कहते हैं ?
A- जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त किए जाते है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

(ख) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?
A- सर्वनाम के छः भेद होते हैं।

(ग) सर्वनाम के सभी भेदों की परिभाषा लिखें।

पुरुषवाचक सर्वनाम :- जिन सर्वनाम का प्रयोग वक्ता श्रोता या अन्य के लिए किया जाता है, वह पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाता है।
जैसे - मैं, तू, वह आदि।

निश्चयवाचक - जो सर्वनाम निकट या दूर की किसी वस्तु, प्राणी और व्यक्ति की ओर संकेत करे उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे - वह, यह आदि।

अनिश्चयवाचक - जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु, प्राणी या व्यक्ति कि बोध नहीं होता है, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे - कुछ, किसी, कोई आदि।

October 2016

06 280-086 Thursday

प्रश्नवाचक :- जिस सर्वनाम से किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु आदि के विषय में प्रश्न होता हो उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे - कहाँ, कौन, क्या

संबंधवाचक :- जिस सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किसी वस्तु या व्यक्ति का संबंध बताने के लिए किया जाता है, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे - जो-सो, जितना-उतना।

निजवाचक :- जो सर्वनाम निज के लिए या खुद या स्वयं के लिए प्रयुक्त होता है उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे - आप, स्वयं, खुद आदि।

स्वमूल्यांकन

विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें–

(क) सर्वनाम किसे कहते हैं?

(ख) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?

(ग) सर्वनाम के सभी भेदों की परिभाषा लिखें।

2. नीचे दिए गए वाक्यों में रंगीन संज्ञा शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके वाक्यों को पुनः लिखें–

प्रखर ने प्रखर के जन्म-दिवस पर प्रखर के मित्रों को बुलाया। प्रखर के माता-पिता प्रखर को प्रसन्न देखकर बहुत खुश थे। प्रखर ने प्रखर के मित्रों को प्रखर का सुंदर घर दिखाया। घर को देखकर प्रखर के मित्रों ने प्रखर की प्रशंसा की।

प्रखर ने अपने जन्म-दिवस पर अपने मित्रों को बुलाया। उसके माता-पिता उसको प्रसन्न देखकर बहुत खुश थे। उसने अपने मित्रों को अपना सुंदर घर दिखाया। घर को देखकर उसके मित्रों ने उसकी प्रशंसा की।

मैं पढ़ रहा हूँ।

तुम क्या लिख रहे हो?

वो मेरा मित्र है।

अपने सभी कार्यों को स्वयं करना चाहिए।

4. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्द लिखकर सही वाक्य लिखें–

(क) कँगना घूमने जा रही है। कँगना के साथ कँगना की बेटी भी है।

कँगना घूमने जा रही है। उसके साथ उसकी बेटी भी है।

(ख) बेटे ने पिता जी से कहा, ''बेटा आज पिता जी की साइकिल चलाएगा।''

बेटे ने पिताजी से कहा, मैं आज आपका साइकिल चलाऊँगा।

(ग) सुमित ने नानी से कहा, "नानी सुमित को कहानी सुना दे।"

सुमित ने नानी से कहा, की तुम मुझे कहानी सुना दो।

(घ) पुलकित ने पुलकित की मम्मी से कहा, "पुलकित बाग में खेलने जा रहा है।"

पुलकित ने अपनी मम्मी से कहा, वो बाग में खेलने जा रहा है।

5. कोष्ठक में से सही सर्वनाम चुनकर खाली जगहों में भरें—

(क) मैं ...अपने... विद्यालय जा रहा हूँ। (अपने/मेरे)

(ख) जिसकी लाठी ...उसकी... भैंस। (उसकी/किसकी)

(ग) मैं ...तुझको... अपने साथ नहीं ले जा सकता। (आपको/तुझको)

(घ) तुम्हें ...अपना... काम समय पर करना चाहिए। (तुम्हारा/अपना)

(ङ) आप ...हमारे... प्रिय शिक्षक हैं। (हमारे/हमके)

6. सर्वनाम तथा उनके उदाहरण का सही मिलान करें—

(क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम	कौन, कहाँ (ख)
(ख) प्रश्नवाचक सर्वनाम	कुछ, कोई (च)
(ग) संबंधवाचक सर्वनाम	वह, यह (घ)
(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम	आप, स्वयं (ङ)
(ङ) निजवाचक सर्वनाम	जो/सो/जिसकी-उसकी (ग)
(च) अनिश्चयवाचक सर्वनाम	मैं, हम (क)

7. नीचे दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्दों और उनके भेदों का नाम लिखें—

	सर्वनाम शब्द	भेद का नाम
(क) जैसा करोगे, वैसा भरोगे।	जैसा, वैसा	संबंध
(ख) मुझे हिंदी भाषा अच्छी लगती है।	मुझे	उत्तम पुरुषवाचक
(ग) वहाँ कौन खड़ा है?	कौन	अनिश्चय
(घ) तुम्हें स्वयं जाना पड़ेगा।	स्वयं	निजवाचक

8. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाएँ–

(क) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(अ) विशेषण (ब) सर्वनाम ✓

(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(ख) सर्वनाम का प्रयोग क्यों किया जाता है?

(अ) संक्षिप्तता लाने हेतु (ब) पुनरावृत्ति दोष से बचने हेतु

(स) दोनों ✓ (द) इनमें से कोई नहीं

(ग) 'यह मेरा घर है'– किस सर्वनाम का उदाहरण है?

(अ) निश्चयवाचक ✓ (ब) संकेतवाचक

(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(घ) 'जिसकी लाठी उसकी भैंस'– किस सर्वनाम का उदाहरण है?

(अ) प्रश्नवाचक (ब) निजवाचक

(स) संबंधवाचक ✓ (द) इनमें से कोई नहीं

(ङ) 'मैं अपना काम स्वयं करूँगा'– किस सर्वनाम का उदाहरण है?

(अ) निजवाचक ✓ (ब) उत्तम पुरुषवाचक

(स) अन्य पुरुषवाचक (द) इनमें से कोई नहीं